# एनजीटी की गठित कमेटी ने साढ़े छह घंटे तक की जांच, तीन पीड़ितों के बयान भी किए दर्ज

लुधियाना (एजेंसी)

**कमेटी ने ग्यासपुरा के सुआ रोड पहुंच कर जहरीली गैस से 11 लोगों की मौत के मामले की जांच की। एनजीटी में इस मामले की अगली सुनवाई 13 जुलाई को होगी। प्रत्यक्षदर्शियों से भी पूरे घटनाक्रम के बारे में जानकारी ली गई।**

एनजीटी की ओर से गठित आठ सदस्यीय कमेटी ने सोमवार को ग्यासपुरा के सुआ रोड पहुंच कर जहरीली गैस से 11 लोगों की मौत के मामले की जांच की। कमेटी सुबह करीब दस बजे लुधियाना पहुंच गई थी। दिनभर करीब साढ़े छ्ह घंटे जांच और पीड़ितों से बातचीत के बाद चंडीगढ़ रवाना हो गई। उल्लेखनीय है कि कमेटी को 30 मई तक अपनी जांच पूरी करनी है और फिर इसकी कंपाइल रिपोर्ट 30 जून तक एनजीटी को सौंपनी है। एनजीटी में इस मामले की अगली सुनवाई 13 जुलाई को होगी। अब तक इस मामले में यही पता चल पाया हे कि हाइड्रोजन सल्फाइड गैस से लोगों की मौत हुई थी। लेकिन यह गैस सीवरेज लाइन में कैसे बनी इस पर अब भी सवाल है। आठ सदस्यीय कमेटी सुबह करीब दस बजे सबसे पहले एसपीएस अस्पताल के मीटिंग हॉल में पहुंची। यहां पर जिला प्रशासन के अधिकारियों से घटनाक्रम की जानकारी प्राप्त की गई। 11:30 बजे कमेटी ग्यासपुरा के सुआ रोड पहुंच गई। गोयल कोल्ड ड्रिंक्स सहित आरती क्लीनिक के अंदर जाकर हर वस्तु की जांच की गई।

आरती क्लीनिक बंद होने के कारण पुलिस ने मौके पर ताला तोड़ कर कमेटी को अंदर का हाल दिखाया। इस रोड पर मुख्य सीवरेज लाइन के मैनहोल को भी चेक किया गया। कमेटी करीब तीन घंटे तक घटनास्थल पर रही। इन दौरान तीन लोगों के बयान भी दर्ज किए गए। प्रत्यक्षदर्शियों से भी पूरे घटनाक्रम के बारे में जानकारी ली गई। इसके बाद दोबारा एसपीएस अस्पताल के मीटिंग हॉल में बैठक की गई। यहां पर दोबारा घटनाक्रम देखने के बाद एक दूसरे से विभिन्न तथ्यों पर बातचीत की गई। शाम 4:30 बजे यह कमेटी चंडीगढ़ रवाना हो गई। संभावना जताई जा रही है कि कमेटी अगले सोमवार को फिर से लुधियाना आ सकती है। उस नि कुछ और तथ्यों की जांच की जा सकती है। गोयल कोल्ड ड्रिंक्स के गौरव गोयल के परिवार के तीन सदस्यों की इस हादसे में मौत हो गई थी। एनजीटी की कमेटी ने गौरव से भी पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। गौरव ने बताया कि शनिवार शाम से ही यहां की हवा में तेजाबी बदबू घुल गई थी, लेकिन इस तरह किसी ने ध्यान नहीं दिया। उन्होंने सीवरेज जाम होने की बात को सिरे से नकार दिया। सुबह सीवरेज लाइन में किसी तरह का डंडा मार कर साफ करने की बात को नकार दिया। गौरव गोयल का कहना था कि यहां आसपास चल रही कई इंडस्ट्री सीवरेज लाइन में जहरीला पानी डाल रही हैं। एनजीटी की कमेटी पहुंचने की सूचना मिलने के बाद आसपास की एसोसिएशन के पदाधिकारी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने भी कमेटी के सामने अपना पक्ष रखने की कोशिश की। उनका साफ कहना था कि यहां पर सीवरेज जाम के चलते यह हादसा हुआ होगा, लेकिन यही कारोबारी इस बात से भी सहमत दिखाई दिए कि यहां की सीवरेज लाइन में कई यूनिट रात के समय अपना वेस्ट केमिकल डालते हैं। हालांकि, इस मामले को लेकर पूरी इंडस्ट्री को बदनाम करना गलत है। कमेटी सदस्यों ने साफ कर दिया कि फिलहाल जांच चल रही है। गैस बनने को लेकर निगम और पीपीसीबी अधिकारी आमने-सामने हैं। पीपीसीबी अधिकारी गैस के लिए निगम अधिकारियों के पाले में गेंद फेंक रहे हैं। उनका तर्क है कि सीवरेज लाइन में गैस जरूर बनती है।

उधर, निगम अधिकारी तर्क दे रहे हैं कि सीवरेज लाइन में चाहे हाइड्रोजन सल्फाइड गैस बनती है, लेकिन इतनी मात्रा में नहीं बनती है कि लोगों की जान चली जाए।



## एक नज़र

### दुकानदार भाईयों से गन प्वाइंट लैपटाप, नकदी और मोबाइल लूटा, दुकान में बंद कर हुए फरार

**सोनीपत (एजेंसी)** दुकानदार भाईयों को गन प्वाइंट पर लेकर लुटेरों ने लैपटाप, नकदी और मोबाइल लूट लिए।विरोध करने पर उनको मारपीट कर घायल कर दिया। लुटेरे दोनों दुकानदार भाईयों को दुकान में शटर गिराकर बंद करके भाग गए। भयभीत दुकानदार काफी देर तक चुपचाप बैठे रहे।

उसके बाद शटर बजाया तो आसपास के लोगों ने उनको बाहर निकाला। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। माडल टाउन के रहने वाले अनुज कुमार ने सिविल लाइन थाना पुलिस को बताया कि उन्होंने सुमन एंटरप्राइजेज के नाम से ओल्ड डीसी रोड पर भगत हस्पताल के पास चाकलेट की दुकान कर रखी है। सोमवार रात करीब 10 बजे वह व उनके भाई अयुष अपनी दुकान का शटर बन्द करके दुकान के साथ वाले छोटे गेट को खोलकर अपने बैग में लैपटाप व करीब 40 हजार रुपये रखकर घर जाने की तैयारी में थे।

### कोचिंग सेंटर जा रहे छात्र का अपहरण कर मारपीट, अस्पताल में भर्ती

**कोसली (एजेंसी)** गांव धारौली से कोसली स्थित कोचिंग सेंटर में आ रहे एक छात्र पर मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों ने हमला कर दिया। तीनों युवक छात्र को उठा कर सुनसान जगह पर ले गए, जहां अपने अन्य साथियों को बुला जमकर मारपीट की। मारपीट में छात्र घायल हो गया और आरोपित धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। छात्र ने कोसली थाना में शिकायत देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव धारौली के रहने वाले रोहित लांबा ने कहा है कि वह कोसली स्थित एक कोचिंग सेंटर पर पढ़ने के लिए जाते है। सोमवार को वह घर से कोचिंग सेंटर पर जा रहे थे।

कोसली पहुंचने पर संजू नाम का एक युवक मोटरसाइकिल पर वहां पहुंचा। उसके साथ दो और युवक थे। तीनों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के बाद तीनों उसे मोटरसाइकिल पर जबरदस्ती बैठा कर अनाज मंडी के पीछे सुनसान जगह पर ले गए। वहां पर आरोपितों ने अपने तीन और साथियों को बुला लिया और जमकर मारपीट की।

### मणिपुर में फंसे हरियाणा के छात्रों का पहला जत्था सकुशल पहुंचा घर

**चंडीगढ़ (एजेंसी)** हरियाणा सरकार ने मणिपुर में पढ़ाई करने गए प्रदेश के छात्रों को सकुशल वापस लाने के पुख्ता इंतजाम आरंभ कर लिये हैं। सोमवार देर रात छात्रों का पहला जत्था हरियाणा पहुंचा और छात्र अपने-अपने घरों तक सकुशल पहुंच गए।

इन विद्यार्थियों में महेंद्रगढ़ का कमलकांत, जींद की रितु, पलवल की शिवानी, सिरसा की नेहा और रोहतक का सागर कुंडू शामिल रहे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देश पर राज्य के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने मणिपुर प्रशासन से संपर्क साधकर हिंसाग्रस्त क्षेत्रों में फंसे हरियाणा के विद्यार्थियों की सकुशल वापसी का इंतजाम करने को कहा है। मुख्यमंत्री स्वयं मणिपुर की हर स्थिति का अपडेट ले रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि छात्रों को जल्दी वापस लाने के लिए पूरी व्यवस्था करें।

### स्वर्ण मंदिर के पास हेरिटेज स्ट्रीट में हुए धमाकों की जांच करने पहुंची हस्त्र की टीम

**अमृतसर (एजेंसी)** अमृतसर में स्वर्ण मंदिर के पास हुए धमाकों की जांच करने राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) की टीम पहुंची है। टीम के सदस्यों ने पार्किंग की ऊपरी मंजिल से लेकर नीचे फ्लोर तक जांच की। जिस फुटपाथ पर धमाका हुआ वहां जायजा लिया। पुलिस ने पूरी घटना बताई। यहां दो दिन में दो धमाके हुए हैं। पुलिस अधिकारियों ने इस जगह को पहले भी आने-जाने के लिए बंद कर रखा था।

डीजीपी ने सोमवार को कहा कि सीसीटीवी फुटेज को स्कैन किया जा रहा है और प्रत्यक्षदर्शियों से विवरण मांगा जा रहा है। लोगों को किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं देना चाहिए। पंजाब पुलिस राज्य को सुरक्षित रखने के लिए है। शनिवार देर रात स्वर्ण मंदिर के निकट हेरिटेज स्ट्रीट पर विस्फोट हुआ था। इसमें एक व्यक्ति के मामूली रूप से घायल होने की बात सामने आई थी और कुछ इमारतों के शीशे क्षतिग्रस्त हुए थे।

### भ्रष्टाचार के मामले में फंसे विधायक अमित रतन को हाई कोर्ट से राहत नहीं, जमानत पर सुनवाई 18 मई तक स्थगित

**चंडीगढ़ (एजेंसी)** रिश्वत के मामले में आरोपित बठिंडा देहात से विधायक अमित रतन की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट से उन्हें राहत नहीं मिली है। उनकी जमानत पर सुनवाई 18 मई तक के लिए स्थगित कर दी गई है। बता दें कि अमित रतन पर एक सरपंच से रिश्वत लेने का आरोप लगा था।

इस मामले में उन्हें विजिलेंस ने गिरफ्तार किया था। मंगलवार को उनकी जमानत पर हाई कोर्ट में नियमित हुई और कोर्ट ने अमित रतन को बिना कोई राहत देते हुए सुनवाई 18 मई तक के लिए स्थगित कर दी। अमित रतन को पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने गिरफ्तार किया है। विधायक पर आरोप है कि उन्होंने एक सरपंच से चार लाख रुपये की रिश्वत ली थी।

## जनता ने मौका दिया तो राई हल्के से एमएलए बनकर करूंगी क्षेत्र का चहुमुंखी विकास : समाजसेविका ज्योति दहिया

ओपन सर्च. संवाददाता

**सोनीपत, राई।** जनता ने मौका दिया तो राई हल्के से एमएलए बनकर क्षेत्र का चहुमुंखी विकास करूंगी। राई क्षेत्र व जनता का विकास ही एकमात्र लक्ष्य, राजनीति नही बल्कि समाजनीति के बल पर जनता की सेवा करना मकसद है।



यह बात पत्रकारों से बातचीत करते हुए समाजसेविका ज्योति दहिया ने कही। आज राजनीति में नेता बनकर सांसद, विधायक, चेयरमैन, पार्षद, सरपंच राजनीतिक सीढ़ी प्राप्त कर लेते है लेकिन जनता से विकास व जनताहित के वादे खोखले रह जाते है जो आज की राजनीति के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। आज राजनीति में शिक्षित व अच्छे नेता व नेत्री की बहुत आवश्यकता है। शिक्षाविद व समाजसेविका ज्योति दहिया ने बताया कि वर्तमान में वह सहायक प्रोफ़ेसर के रूप में कार्यरत हैं तथा सामाजिक कार्य क्षेत्र में अपनी प्रभावी भूमिका निभा रही हैं। समाजसेविका ज्योति दहिया ने कहा कि मेरी नजर में राजनीति समाजसेवा ही है। इसलिए इससे परहेज नहीं है। लोग एक बार चुनाव जीतकर दूसरे बार फिर जीतने की तैयारी करने लगते हैं। यदि वे पांच साल चुनाव जीतने से ज्यादा विकास कार्यों पर फोकस करें तो इससे बड़ी समाजसेवा नहीं है। अपने इंटरव्यू में समाजसेविका ज्योति दहिया ने कहा कि मेरा जन्म भिवानी के अंतर्गत तोशाम के समीप गाँव खरकड़ी में एक मध्यम वर्गीय परिवार में हुआ। मेरे पिताजी हरियाणा परिवहन विभाग में कंडक्टर रहे। स्कूली शिक्षा मेरी तोशाम में ही संपन्न हुई। ग्रामीण अंचल से जुड़े होने का कारण लड़कियों के लिए अवसर सीमित ही रहे हैं परंतु मेरे पिता ने सामाजिक दबाव को त्यागकर मुझे उच्च शिक्षा के लिए चंडीगढ़ भेजा जहाँ जीसीजी सेक्टर 11 से मैंने बीए ज्योग्राफ़ी ओनर्स से स्नातक किया। वर्तमान में सोनीपत सेक्टर 23 में अपने परिवार व पति अजय दहिया के साथ रहती है, उनकी शादी 2014 में हुई थी। तदोपरांत पंजाब विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग से एमए किया। यूजीसी नेट, सीएसआईआर, यूजीसी नेट, एचटेट इत्यादि परीक्षाएं पास की तथा 2013 हरियाणा में भूगोल प्रवक्ता के रूप में चयन हुआ। पहली नियुक्ति खेवड़ा के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुई। इसके बाद भी कोशिश निरंतर जारी रही और 2019 में भूगोल के सहायक प्रोफ़ेसर के रूप में मेरा चयन हो गया तथा वर्तमान में मैं ताऊ देवीलाल राजकीय महाविद्यालय, मुरथल में सहायक प्रोफ़ेसर के पद पर कार्यरत हूँ। इसके उपरांत 2022 में गवर्नमेंट कॉलेज टीचर असोसिएशन में जो चुनाव हुआ उसमें भी मैं विजयी रही। सामाजिक कार्य पहले भी जारी था वर्तमान में भी जारी है।

अब इस समय मेरा उद्देश्य है कि समाज में राजनैतिक संदर्भ में जागरूकता लाना बहुत ज़रूरी है क्योंकि दूषित राजनीति केवल एक व्यक्ति को नहीं वरन संपूर्ण समाज और संपूर्ण राष्ट्र को प्रभावित करती है। मेरी कोशिश है कि समाज अब इस बात को समझें कि कहीं वो अपने क़ीमती वोट डालकर सिर्फ़ राजनीतिज्ञों का चुनाव कर रहे हैं या एक नेता का, लीडर का चुनाव कर रहे हैं क्योंकि यह क़तई ज़रूरी नहीं कि एक अच्छा राजनीतिज्ञ एक अच्छा नेता भी हो। आज हमारे समाज को सही मायने में एक अच्छे लीडर की ज़रूरत है जो समाज को सही दिशा प्रदान कर सके और उसके विकास में सहायक बन सके। वह जनता की सेवा के लिए 24 घण्टे तैयार है।

## झज्जर कुश्ती संघ के सचिव पद से वीरेंद्र सिंह दलाल को सस्पैंड करना निंदनीय : आर्य प्रमोद छारा

ओपन सर्च. संवाददाता

**बहादुरगढ़।** पिछले कई दिनों से चला आ रहा पहलवान बेटियों का जायज संघर्ष के बीच झज्जर जिले से कुश्ती संघ के सचिव पद से वीरेंद्र पहलवान जी को हटाना झज्जर जिले से पहलवानी की रीड की हड्डी तोड़ने वाली बात है।

ब्लॉक समिति सदस्य आर्य प्रमोद छारा इसकी कठोर निंदा करते हुए सरकार को अपना फैसला वापस लेने की बात कही। छारा गांव पहलवानों का गांव है। पहलवानों के नाम से भारत वर्ष के साथ विदेशों में भी पहचान हैं। नामी पहलवान दीपक पुनिया, बजरंग पुनिया, सुनील चोटीवाला आदि ने छारा झज्जर की मिट्टी से निकलकर विश्व भर में देश का नाम रोशन करने का काम किया है। यह सब झज्जर कुश्ती संघ के सचिव पद पर रहते हुए पारदर्शी फैसले लेने के कारण हो पाया है। कुश्ती संघ के द्वारा दिया गया यह फैसला वीरेंद्र पहलवान जी को सचिव पद से हटाना गलत है।

### अमृतसर हेरिटेज स्ट्रीट धमाके के दो दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**अमृतसर (एजेंसी)** हेरिटेज स्ट्रीट में शनिवार की देर रात धमाका करने वाले दो युवकों को पुलिस को तलाश है। पता चला है कि दोनों की फुटेज पुलिस के पास पहुंची है और दोनों ने उक्त वारदात को अंजाम दिया। धमाका करते समय वह दोनों जख्मी हो गए और पार्किंग के पिछले हिस्से में लगी अपनी बाइक लेकर कुछ ही देर में वहां से फरार हो गए। हालांकि उक्त प्रकरण को लेकर पुलिस अधिकारियों ने चुप्पी साध रखी है। जानकारी के मुताबिक शनिवार की रात 10.25 पर हेरिटेज स्ट्रीट स्थित सारागढ़ी पार्किंग के पास हुए धमाके को दो युवकों ने अंजाम दिया है। दोनों बड़े योजनाबद्ध तरीके से कंटेनर में विस्फोटक डालकर धागे से बांद कर लटकाने का प्रयास कर रहे थे। इस बीच कंटेनर उनके हाथ से छूट गया और एकदम धमाका हो गया। धमाके में दोनों संदिग्धों सहित कुल तीन लोग जख्मी हुए थे। सोनू राजपूत नाम के युवक ने मीडिया के समक्ष धमाके को लेकर जानकारी दी थी और उसे किसी अस्पताल में दाखिल करवाया गया। लेकिन धमाका करने वाले युवकों को जब मौके पर मौजूद लोगों ने देखा तो उन्हें अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी। लोगों ने दोनों की जानकारी पुलिस को भी दी। लेकिन पुलिस के आने से पहले ही वह दोनों फरार हो गए।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा (ई-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता /III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | वरिष्ठ मंडल अभियंता-तृतीय के अधिकार क्षेत्र में के खंड में तथा एसएसई/वर्क्स दिल्ली के अनुभाग में दिल्ली स्टेशन पर पीएफ 2-3, 4-5-6, 9 और 10 के नालों, ड्रेन कवर और गिट्टी रिटेनर की मरम्मत के कार्य। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | Rs. 94,17,136.49/- (रुपये चौरानवे लाख सत्रह हजार एक सौ छत्तीस और उनचास पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | Rs.1,88,400/- (रुपये एक लाख अठासी हजार चार सौ मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | Rs. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 02.06.2023 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | आवंटन | 04-400-32 |

• ठेकेदारो को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं :128-W/280/इ-निविदा सूचना/19/2023-24/W-3 दिनांक: 08.05.2023 1399/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

इ-निविदा (इ-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियन्ता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता/दिल्ली के अंतर्गत एसएसई/पीवे/एसएसबी के अनुभाग में सीटीआर पी.डाउन डीएल एवं संबंधित कार्य तथा सहायक मण्डल अभियंता/दिल्ली के अंतर्गत एसएसई/पीवे/दिल्ली के खंड में दिल्ली यार्ड के (उत्तर और दक्षिण लाइन KM0-0.7) सुधार के लिए विविध कार्य। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹1,31,65,421.71 (रुपये एक करोड़ इकतीस लाख पैंसठ हजार चार सौ इक्कीस और इकहत्तर पैसे मात्र)। |
| बयाना राशि (₹) | ₹2,15,800/- (रुपये दो लाख पंद्रह हजार आठ सौ मात्र) |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹) | ₹ 0.00 |
| निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 30.05.2023 को 15:00 बजे तक |
| वेबसाईट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | निविदा वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

• ठेकेदारों को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
• सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जागेगी। • निनिदा दस्तावेज और बगाना की लागत केवल नेट बैंकिंग गा भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं.: 128-W/280/इ-निविदा सूचना/12-2023-24/W-3 दिनांक: 08.05.2023 1398/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

इ-निविदा (इ-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | एडीईएन/एनडीएलएस के तहत एसएसई/पी.वे./एनडीएलएस के खंड में वर्ष 2023-24 के लिए ट्रैक कार्य के रखरखाव के लिए वार्षिक जोन। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) | Rs. 1,37,07,123.70/- (रूपये एक करोड़ सैंतीस लाख सात हज़ार एक सौ तेईस और सत्तर पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रूपये) | Rs. 2,18,500/- (रूपये दो लाख अठारह हजार पांच सौ मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये) | Rs. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 30.05.2023 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | आवंटन | 04-200-32 |

• ठेकेदारों को ई-टेण्डर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
• सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
• मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
• निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं:128-W/280/इ-निविदा सूचना/15/2023-24/W-3 दिनांक: 08.05.2023 1395/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

एल्प्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : प्लॉट नंबर 15-बी, जी. टी. रोड, चौधरी मोड़, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, 201001
सीआईएन: L51109UP1972PLC003544, वेबसाइट: www.alpsindustries.com
दूरभाष: +91-9871692058, ईमेल: ajaygupta@alpsindustries.com, investorgrievance@alpsindustries.com

31 मार्च 2023 को समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष के लिए स्वतंत्र और संगठित लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का उद्धरण (रु. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही (स्वतंत्र) 31.03.2023 अंकेक्षित (नोट नं. 2 का सन्दर्भ लें) | समाप्त तिमाही (संगठित) 31.03.2023 अंकेक्षित (नोट नं. 2 का सन्दर्भ लें) | पिछले 3 महीन में समाप्त हुए वर्तमान साल (स्वतंत्र) 31.12.2022 अनअंकेक्षित | पिछले 3 महीने चालू वर्ष में समाप्त हो गए (संगठित) 31.12.2022 अनअंकेक्षित | पिछले वर्ष समाप्त हुए इसी 3 महीने (स्वतंत्र) 31.03.2022 अंकेक्षित (नोट नं. 2 का सन्दर्भ लें) | पिछले वर्ष समाप्त हुए इसी 3 महीने (संगठित) 31.03.2022 अंकेक्षित (नोट नं. 2 का सन्दर्भ लें) | चालू वर्ष में समाप्त ईयर टू डेट आंकड़े (स्वतंत्र) 31.03.2023 अंकेक्षित | चालू वर्ष में समाप्त ईयर टू डेट आंकड़े (संगठित) 31.03.2023 अंकेक्षित | पूर्व वर्ष में समाप्त ईयर टू डेट आंकड़े (स्वतंत्र) 31.03.2022 अंकेक्षित | पूर्व वर्ष में समाप्त ईयर टू डेट आंकड़े (संगठित) 31.03.2022 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 151.88 | 151.88 | 142.71 | 142.71 | 4,941.00 | 4,941.00 | 1,793.85 | 1,793.85 | 30,242.79 | 30,242.79 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) या (कर, असाधारण और/या असामान्य मद से पूर्व) | (1,865.72) | (1,804.86) | (1,408.25) | (1,408.41) | (3,124.68) | (2,941.44) | (6,043.36) | (5,983.06) | (7,806.18) | (7,626.30) |
| 3 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पूर्व (असाधारण और/या असामान्य मद के पश्चात) | (1,865.72) | (1,804.86) | (1,408.25) | (1,408.41) | (3,888.89) | (3,705.65) | (6,043.36) | (5,983.06) | (8,469.40) | (8,289.52) |
| 4 | अवधि के लिए कर पश्चात शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असामान्य मद के पश्चात) | (1,865.72) | (1,804.86) | (1,408.25) | (1,408.41) | (3,891.31) | (3,708.07) | (6,043.36) | (5,983.06) | (8,471.82) | (8,291.94) |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आया [इसमें लाभ/(हानि) की अवधि (टैक्स के आदि) के लिए अन्य व्यापक आय (टैक्स के बाद)] | (1,865.72) | (1,804.86) | (1,408.25) | (1,408.41) | (3,891.31) | (3,708.07) | (6,043.36) | (5,983.06) | (8,471.82) | (8,291.94) |
| 6 | साम्य शेयर पूंजी (फेस वेल्यू रू. 10 प्रत्येक) | 3,911.41 | 3,911.41 | 3,911.41 | 3,911.41 | 3,911.41 | 3,911.41 | 3,911.41 | 3,911.41 | 3,911.41 | 3,911.41 |
| 7 | रिजर्व (पुनर्मूल्यांकित रिजर्व को छोड़कर) 31 मार्च 2022 को पूर्व वर्ष की अनअंकेक्षित बैलेंसशीट में दर्शाये गये अनुसार | | | | | | | (81,252.12) | (81,226.78) | (75,208.76) | (75,243.06) |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (रू0 10 प्रत्येक) (जारी और बंद आपरेशन हेतु) बेसिक एंड डायल्यूटिड | (4.77) | (4.62) | (3.60) | (3.60) | (9.95) | (9.47) | (15.45) | (15.30) | (21.66) | (21.20) |

उपरोक्त तिमाही एवं वित्तीय वर्ष के लिए वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है और 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर किया गया है। कंपनी के वित्तीय परिणामों का विस्तृत प्रारूप बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड (बीएसई) (www.bseindia.com), नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) (www.nseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.alpsindustries.com) पर उपलब्ध है।

बोर्ड की आज्ञानुसार
(संदीप अग्रवाल)
प्रबंध संचालक
DIN: 00139439

दिनांक: 09 मई, 2023
स्थान: गाजियाबाद

# Israel, India ink agreement to allow 42,000 Indian workers to work in Jewish state

**JERUSALEM, AGENCY**

Israel and India on Tuesday inked an agreement that will allow 42,000 Indian workers to work in the Jewish state in the fields of construction and nursing, a move expected to help deal with the rising cost of living and assist thousands of families waiting for nursing care. Israeli Foreign Minister Eli Cohen, who reached New Delhi on Tuesday morning for a three-day visit but announced cutting it short because of the security situation arising out of Israel's operations in the Gaza Strip, held talks with his Indian counterpart Dr S Jaishankar.

The ministers discussed ways to strengthen Indo-Israel ties by "adding direct flights, continuing cooperation in agriculture and water management, and expanding cooperation in the fields of artificial intelligence and cyber defence", according to a Hebrew press statement from the Israeli foreign ministry.



"The ministers also signed agreements to allow the arrival of 42,000 Indian workers in the fields of construction and nursing," it added. The addition of workers from India is expected to help deal with the rising cost of living in Israel and help thousands of families waiting for nursing care. According to the statement, 34,000 workers will be engaged in the construction field and another 8,000 for nursing needs. In reference to the proposed rail and port link, the Israeli foreign minister said that it would shorten the route between Asia and Europe and make Israel a commercial, technological and transportation hub in the changing trade routes in the Middle East. Emphasising the significant role India can play in expanding the scope of the landmark Abraham Accords, Cohen said that the strategic partnership with New Delhi strengthens Israel and also contributes to the stability in the Middle East. "India can play a significant role in expanding the Abraham Accords and promoting regional projects with countries, and countries that do not yet have relations with Israel," the press statement quoted Cohen as saying. The Abraham Accords of 2020 was the first Arab-Israeli peace deal in 26 years and is the popular description for the normalisation of Israel's ties with the Islamic world. Officials from the United States, Saudi Arabia, United Arab Emirates and India met earlier this week in Jeddah, Saudi Arabia and discussed a rail and port network linking the Gulf states and India. It is believed that the same may be extended on the other side to include connectivity with Israel, local media reports earlier said. India and Israel have seen an intense last few months of engagement starting with the visit of Knesset's (Israeli parliament) Speaker Amir Ohana at the end of March followed by the visit of Minister of Economy Nir Barkat in April and now comes the visit of the Israeli Foreign Minister in quick succession. The visits are being seen as a build-up to the much-anticipated visit of Netanyahu towards the end of this year.

# Israel keen to finalise FTA with India : Eli Cohen

**JERUSALEM, AGENCY**

*Cohen intends to deepen this link by bringing in more students from India to Israel as academic cooperation between the two countries has 'inexhaustible potential'*

Israel is keen to finalise an FTA with India as there is a huge scope of trade between the two nations, Foreign Minister Eli Cohen has said, and expressed hope that the agreement will further strengthen bilateral economic ties. From a humble beginning of USD 200 million in bilateral trade (primarily in diamonds) in 1992 when full diplomatic relations were established between the two countries, merchandise trade has diversified and reached USD 7.86 billion (excluding defence) during the period 2021-2022. In addition, bilateral trade in services in 2021 was USD 1.1 billion and in FY 2022-23, bilateral merchandise trade from April to December 2022 stood at USD 8.09 billion (excluding defence).

"The scope for trade opportunities between our countries is huge and there is a strong desire to finalise an FTA that hopefully will further strengthen our economic ties...I believe the scope of the FTA is far larger than trade numbers. We should discuss it with the vision of bilateral relations in mind", he stressed just ahead of his visit to India on Tuesday.




However, Cohen decided to cut short the trip hours after landing in New Delhi in view of certain developments in Israel. With air traffic between the two countries getting a boost with the Gulf countries agreeing to open their airspace to Israeli airlines, Cohen described it as a "game changer" which also brings out India's importance in the region. "Although the Corona epidemic temporarily reduced the number of direct flights, now we are talking about increasing the number of flights and increasing the destinations," Cohen noted.

# *Briefs* News

## China expels Canadian diplomat in a tit-for-tat response

**BEIJING :** China has announced the expulsion of a Canadian diplomat in retaliation for Ottawa's ordering a Chinese consular official to leave over alleged threats he made against a Canadian lawmaker and his family. The Foreign Ministry on Tuesday said China was deploying a "reciprocal countermeasure to Canada's unscrupulous move", which it said it "firmly opposes". It said the Canadian diplomat based in the business hub of Shanghai has been asked to leave by May 13 and that China "reserves the right to take further actions in response". Canada earlier on Tuesday said that Prime Minister Justin Trudeau's government is expelling a Chinese diplomat whom Canada's spy agency alleged was involved in a plot to intimidate an opposition lawmaker and his relatives in Hong Kong. A senior government official said Toronto-based diplomat Zhao Wei has five days to leave the country.

## Canada expels China diplomat for alleged threats to lawmaker

**TORONTO :** Canadian Prime Minister Justin Trudeau's government is expelling a Chinese diplomat whom Canada's spy agency alleged was involved in a plot to intimidate an opposition lawmaker and his relatives in Hong Kong. A senior government official said Toronto-based diplomat Zhao Wei has five days to leave the country. The official spoke on condition of anonymity as they were not authorised to speak publicly on the matter. It's wasn't immediately clear if he's left yet. Foreign Affairs Minister Mélanie Joly said in a statement that Canada declared Toronto-based diplomat Zhao Wei "persona non grata". "We will not tolerate any form of foreign interference in our internal affairs," she wrote.

## Russia renews strikes with huge drone swarm on Victory Day eve

**KYIV :** Russia launched its biggest swarm of drones for months against Ukraine on Monday, the eve of Russia's May 9 holiday celebrating the defeat of Nazi Germany, which Kyiv marked a day earlier in a symbolic new break with Moscow. Kyiv's mayor said Russia had fired 60 Iranian-made kamikaze drones at Ukrainian targets, including 36 at the capital, all of which had been shot down. Debris hit apartments and other buildings, injuring at least five persons in the capital. A food warehouse was set ablaze by a missile in the Black Sea city of Odesa, where officials reported three persons were injured. It was the biggest drone swarm yet in a renewed Russian air campaign unleashed 10 days ago after a lull since early March. Kyiv said Moscow was also making a final push to try to capture the ruined eastern city of Bakhmut, to deliver President Vladimir Putin what would be his only prize for a costly Russian winter offensive, in time for Victory Day. Moscow is preparing for Tuesday's Victory Day parade, the most important day in the calendar for Russia under Putin, to mark the 1945 Soviet triumph over Nazi Germany. In a new break with Russia, President Volodymyr Zelenskyy marked Victory Day on Monday rather than Tuesday.

**AGENCY**

# Former Pakistan PM Imran Khan arrested from outside Islamabad High Court in corruption case

**ISLAMABAD, AGENCY**

Pakistan's former prime minister Imran Khan was arrested by paramilitary Rangers on Tuesday while he was present at the Islamabad High Court for the hearing of a corruption case, a day after he took on the country's powerful army for allegedly hatching a plot to kill him.

The chairman of the Pakistan Tehreek-e-Insaf (PTI), who travelled from Lahore to the federal capital Islamabad, was undergoing a biometric process at the court when the Rangers broke open the glass window and arrested him after beating lawyers and Khan's security staff, according to senior party leader Shireen Mazari.

TV footage showed the Rangers grabbing Khan from the collar and bundling him into a prison van. The Rangers, which operate under the Interior Ministry, are usually commanded by officers on secondment from the army.

"Khan has been arrested in a land transfer case to property tycoon Malik Riaz and is being handed over to National Accountability Bureau (NAB)", a NAB official confirmed.

He said that Khan has been arrested in the Al-Qadir Trust case which is about the setting up of Al-Qadir University for Sufism in 2019 Sohawa area of Jhelum district of Punjab.

"His arrest warrants were issued today morning and subsequently he is arrested," he said.

Khan's arrest warrant, however, showed that it was issued on May 1. The warrant said that Khan was accused of corruption and corrupt practice.

Interior Minister Rana Sanaullah said that Khan failed to appear before the court despite being issued several notices. "The arrest has been conducted by the National Accountability Bureau for causing losses to the national treasury," he tweeted.

In a pre-recorded video issued by the party after his arrest, Khan said, "till the time these words of mine reach you, I will be arrested in a baseless case. This shows that fundamental rights and democracy in Pakistan have been buried." "All this is being done because they want me to accept the corrupt, imported government that has been forcefully imposed on us," Khan said. He said if someone has a warrant, they should directly bring it to me. "Bring the warrant, my lawyer will be there. I'm ready to go to the jail myself," Khan said.

His arrest came a day after the powerful Pakistan Army on Monday slammed Khan for "highly irresponsible and baseless" allegations by him against a serving ISI officer without any evidence.

"We ask the political leader concerned to make a recourse to legal avenues and stop making false allegations. The institution reserves the right to take legal course of action against patently false and malafide statements and propaganda," the army said, directly referring to Khan.


Islamabad police released a brief statement quoting Inspector General (IG) Akbar Nasir Khan as saying that Khan had been arrested in relation to the case which concerns allegations that Bahria Town allotted land worth Rs 530 million to Al-Qadir Trust, owned by the PTI chairman and his wife Bushra Bibi.

The police chief also said that the situation in Islamabad was "normal". He added that Section 144 had been imposed in the federal capital and action would be taken against violators.

"What laws? Courts attacked by Rangers as if invading an occupied land - lawyers & IHC staff also beaten.

## Imran Khan faces over 120 cases across Pakistan

Pakistan's former prime minister Imran Khan, who was arrested by paramilitary Rangers on Tuesday, is facing 121 cases across the country, including for committing treason and blasphemy and inciting violence and terrorism. Khan, who travelled from Lahore to the federal capital Islamabad, was undergoing a biometric process at the court when the Rangers broke open the glass window and arrested him after beating lawyers and Khan's security staff, according to senior party leader Shireen Mazari. The Pakistan Tehreek-e-Insaf (PTI) party led by 70-year-old Khan recently submitted a list of cases to the Islamabad High Court (IHC). The list states that 31 cases have been registered against Khan in the federal capital and 30 cases and call-up notices have been issued in Lahore, the capital of Punjab province.



# Elon Musk announces Twitter to remove accounts with 'no activity for several years'

**WASHINGTON.AGENCY**

Twitter will remove inactive accounts! Twitter CEO Elon Musk said Monday that it would be purging accounts on the social media platform that had been inactive for a number of years. Pondering upon a new move, Billionaire Elon Musk tweeted on Monday, "We're purging accounts that have had no activity at all for several years, so you will probably see followers count drop." A few days back, Twitter was in the headlines as several celebrities lost blue tick from their accounts.

The blue tick served as a way of protecting well-known individuals from impersonation and tackling false information. "On April 1st, we will begin winding down our legacy verified program and removing legacy verified checkmarks. To keep your blue checkmark on Twitter, individuals can sign up for Twitter Blue," Twitter said in a post in March. Twitter first introduced the blue check mark system in 2009 to help users identify that celebrities, politicians, companies and brands, news organizations and other accounts "of public interest" were genuine and not impostors or parody accounts. The company didn't previously charge for verification.



Following this 'blue tick' fiasco, Musk announced on April 30 that Twitter will allow media publishers to charge users on a per-article basis with one click from May. He tweeted, "Rolling out next month, this platform will allow media publishers to charge users on a per article basis with one click. This enables users who would not sign up for a monthly subscription to pay a higher per article price for when they want to read an occasional article.


## ALPS INDUSTRIES LIMITED

**Registered & Corp. Office : Plot No. 15-B, G. T. Road, Chaudhary Morh, Ghaziabad, Uttar Pradesh, 201001**
**CIN NO. L51109UP1972PLC003544, Website.: www.alpsindustries.com**
**Ph.: 0120-4161716, Email Id.:ajaygupta@alpsindustries.com, investorgrievance@alpsindustries.com**

**EXTRACT OF STANDALONE AND CONSOLIDATED AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND FINANCIAL YEAR ENDED ON 31ST MARCH 2023.**

(Rs. in Lacs)

| Sl. No. | Particulars | 3 months ended | 3 months ended | Preceding 3 months ended in current year | Preceding 3 months ended in current year | Corresponding 3 months ended in the previous year | Corresponding 3 months ended in the previous year | Year to date figure of Current Year ended | Year to date figure of Current Year ended | Year to date figure of Previous Year ended | Year to date figure of Previous Year ended |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | (Standalone) | (Consolidated) | (Standalone) | (Consolidated) | (Standalone) | (Consolidated) | (Standalone) | (Consolidated) | (Standalone) | (Consolidated) |
| | | 31.03.2023 | 31.03.2023 | 31.12.2022 | 31.12.2022 | 31.03.2022 | 31.03.2022 | 31.03.2023 | 31.03.2023 | 31.03.2022 | 31.03.2022 |
| | | Audited (Refer to Note No. 2) | Audited (Refer to Note No. 2) | Unaudited | Unaudited | Audited (Refer to Note No. 2) | Audited (Refer to Note No. 2) | Audited | Audited | Audited | Audited |
| 1 | Total Income from Operations | 151.88 | 151.88 | 142.71 | 142.71 | 4,941.00 | 4,941.00 | 1,793.85 | 1,793.85 | 30,242.79 | 30,242.79 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and / or Extraordinary items) | (1,865.72) | (1,804.86) | (1,408.25) | (1,408.41) | (3,124.68) | (2,941.44) | (6,043.36) | (5,983.06) | (7,806.18) | (7,626.30) |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and / or Extraordinary items) | (1,865.72) | (1,804.86) | (1,408.25) | (1,408.41) | (3,888.89) | (3,705.65) | (6,043.36) | (5,983.06) | (8,469.40) | (8,289.52) |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and / or Extraordinary items) | (1,865.72) | (1,804.86) | (1,408.25) | (1,408.41) | (3,891.31) | (3,708.07) | (6,043.36) | (5,983.06) | (8,471.82) | (8,291.94) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (1,865.72) | (1,804.86) | (1,408.25) | (1,408.41) | (3,891.31) | (3,708.07) | (6,043.36) | (5,983.06) | (8,471.82) | (8,291.94) |
| 6 | Equity Share Capital (Face Value of Rs. 10/- each) | 3,911.41 | 3,911.41 | 3,911.41 | 3,911.41 | 3,911.41 | 3,911.41 | 3,911.41 | 3,911.41 | 3,911.41 | 3,911.41 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance sheet for the Financial Year ended on March 31, 2021 & 31 March, 2022. | | | | | | | (81,252.12) | (81,226.78) | (75,208.76) | (75,243.06) |
| 8 | Earnings Per Share (Rs. 10/- each)- (for continuing and discontinued operations) Basic and Diluted: | (4.77) | (4.62) | (3.60) | (3.60) | (9.95) | (9.47) | (15.45) | (15.30) | (21.66) | (21.20) |

**Notes:** The above is an extract of the detailed format of Financial Results for the quarter and Financial Year ended on March 31, 2023 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The detailed format of the Financial Results of the company is available on the website of Bombay Stock Exchange Limited (BSE) (www.bseindia.com), National Stock Exchange of India Limited (NSE) (www.nseindia.com) and the Company (www.alpsindustries.com).

**BY ORDER OF THE BOARD**
**(SANDEEP AGARWAL)**
**MANAGING DIRECTOR**
**DIN: 00139439**

**DATE : MAY 09, 2023**
**PLACE : GHAZIABAD**